कुलपति के निरीक्षण में कक्षाओं में नहीं मिले छात्र

यूटीयू के कुलपति ने रुड़की क्षेत्र में विवि से संबद्ध कॉलेजों का किया औचक निरीक्षण

माई सिटी रिपोर्टर

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बुधवार को रुड़की क्षेत्र में विवि से संबद्ध फार्मेसी कॉलेज-आरसीपी, इंजीनियरिंग कॉलेज आईटीआर और मैनेजमेंट संस्थान आरसीएम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कक्षाओं में छात्र नहीं मिले।

छात्रों की उपस्थिति के रजिस्टर भी तैयार नहीं थे। कुलपति ने सभी कॉलेज प्रशासन को चेतावनी दी है

उपस्थिति के रजिस्टर भी नहीं थे तैयार, कॉलेजों को दी चेतावनी

कि भविष्य में इस तरह की स्थिति मिली तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। कुलपति ने छात्रों की उपस्थिति के रजिस्टर अपने सामने तैयार करवाए।

निरीक्षण के दौरान फार्मेसी कॉलेज में प्रथम वर्ष व चतुर्थ वर्ष के छात्र कक्षा में नहीं मिले, कक्षाएं खाली थीं। द्वितीय वर्ष की कक्षा में भी कुल पंजीकृत 28 छात्रों की संख्या में मात्र चार छात्र ही उपस्थित थे। कक्षाओं की व्यवस्था देख कुलपति ने छात्रों की उपस्थिति रजिस्टर मांगे तो वह भी नहीं बने थे। यह भी पता चला कि छात्रों को लैब नहीं कराई जाती है। विवि का अकेडमिक सत्र 16 अगस्त से शुरू हो चुका है। कुलपति ने अपने सामने ही रजिस्टर तैयार करवाए। आईटीआर इंजीनियरिंग कॉलेज और आरसीएम मैनेजमेंट कॉलेज की भी निरीक्षण के दौरान कमियां सामने आई। तीनों कॉलेजों की स्थिति देख कुलपति बेहद नाराज हुए।

छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ न करें शिक्षक

- कुलपति ने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ इस तरह का खिलवाड़ ना करें, अन्यथा विवि को मजबूरन किसी अन्य विकल्प पर विचार करने को मजबूर होना पड़ेगा। कुलपति ने भविष्य के लिए चेतावनी देते हुए कहा कि तत्काल शैक्षणिक वातावरण को दुरुस्त करें। इस तरह की पुनरावृत्ति पाई जाती है तो संस्थानों के खिलाफ विवि की ओर से कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संस्थान स्वयं जिम्मेदार होंगे।